संख्याः 1164/S-H-1 /2010

प्रेषक,

योगेश कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त उप निदेशक,
भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग,
उत्तर प्रदेश।

भूमि विकास एवं जल संसाधन अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक 23 नवम्बर, 2011

महोदय,

शासन स्तर पर यह प्रयास किया जा रहा है कि विभाग के सभी उप निदेशकों के कर्तव्यों/दायित्वों एवं अधिकार को और अधिक प्रभावी बनाया जाये, ताकि विभागीय योजनाओं के कियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका (Role) का निर्वहन हो सके। इसको दृष्टिगत रखते हुये यह निर्धारित किया गया है कि शासन स्तर पर उप निदेशकों की बैठक अलग से आहूत की जायेगी, जिसमें अन्य बिन्दुओं के साथ–साथ निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष रूप से विचार विमर्श किया जायेगाः–

1– काडा योजना की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति के साथ–साथ प्रत्येक भूमि संरक्षण में 5 कृषि डिमास्ट्रेशन के लक्ष्यों की स्थितिः–

ए– वाल्मी द्वारा प्रशिक्षण की स्थिति।
बी– काडा योजना के अन्तर्गत वर्ष में संतृप्त कुलाबों की स्थिति।

2– आई0डब्ल्यू0एम0पी0–

1. डी0पी0आर0 में कमियों के निराकरण की स्थिति।
2. योजनाओं की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति की स्थिति।
3. ई0पी0ए0 तथा डब्ल्यू0डी0डब्ल्यू0 के कार्डिनेट्स तथा अन्य कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात फोटोग्राफ भेजने की स्थिति।
4. एम0आई0एस0 का एकाउन्ट एक्टीवेट करने की स्थिति तथा उस पर सूचना का प्रेषण।
5. निर्धारित प्रपत्र पर शासन द्वारा चाही गयी सूचनाओं की स्थिति।
6. वर्ष 2010–11 के प्रोजेक्ट हेतु डी0आर0डी0ए0 से 14 प्रतिशत रिलीज की स्थिति।
7. डिमास्ट्रेशन की स्थिति।
8. वृक्षारोपण तथा उद्यानीकरण की स्थिति।
9. नरेगा के साथ कन्वर्जेन्स की स्थिति।
10. प्रशिक्षण की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति।

3– मनरेगा की स्थिति।
4– लम्बित विभागीय जांचों की स्थिति।

उपरोक्त के अतिरिक्त सभी उप निदेशकों को निरीक्षण हेतु प्रति भूमि संरक्षण इकाई 5 दिन निर्धारित कर दिये गये हैं, जिसमें वे विभागीय योजनाओं का सत्यापन करेंगे, जिसकी स्थिति निर्धारित प्रपत्र पर भिजवायेंगे।

उप निदेशक यह भी सूचित करेंगे कि प्रमुख सचिव तथा विभागाध्यक्ष के भ्रमण के समय डब्ल्यू0डी0टी0 के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे तथा उनका भी इसमें सक्रिय सहयोग लिया जाये।

कृपया उपरोक्तानुसार अपने स्तर से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्याः 1164 / SWA-7 /2011, तददिनांक

प्रतिलिपिः— उपरोक्त की प्रतिलिपि आयुक्त एवं प्रशासक, शारदा सहायक समादेश/रामगंगा कमाण्ड परियोजना, लखनऊ/कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव।